53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.4°c अधिकतम 30.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:27, सूर्यास्त - 7:21 | वर्ष : 53/ अंक : 190 | शुक्रवार, 11 जुलाई 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

अगर आप के अंदर आत्म विश्वास की कमी हो जाती है तो ये दुनिया डरावनी नजर आती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को उनकी हैसियत बताई गई : बृजभूषण शरण सिंह



चढ़ाया नहीं उनको ठेले के ऊपर... तो यूँ उनकी गरिमा गिरायी गयी है...

# व्यापारियों का नुकसान हुआ मोटा, बोले-27 में दबेगा नोटा

## तहसील मार्किट, रुड़की रोड, एसडी मार्किट, गोल मार्किट में करोड़ों का नुकसान, रामलीला टिल्ला पर विधायक मिथलेश पाल से नोकझोंक

**मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)।** बुधवार की रात 121.6 एमएम हुई बारिश ने शहर को फिर से एक बार डुबा दिया। इस बार इस बारिश से व्यापारियों को करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा है और अब धीरे-धीरे नगर की जनता विपक्ष व सत्ताधारी दोनों पार्टियो के विरुद्ध विरोध का बिगुल बजाने को तैयार है। इसका एक नजारा आज उस समय दिखाई दिया, जब रामलीला टिल्ला पर आम जनता ने रालोद से विधायक बनी मिथलेश पाल को रास्ते में ही रोक लिया और देर रात रामलीला टिल्ला पर हुए जलभराव की तस्वीरें दिखाई। आपको बता दें कि स्वयं नगर की जनता ने सोशल मीडिया पर रामलीला टिल्ला के वीडियो वायरल किये तो वास्तव में यह भयावह नजारा देखकर ऐसा लग रहा था कि मानों हम किसी खादर क्षेत्र में बसे हो और प्रत्येक घर पानी से लबालब डूबा पड़ा हो, मगर वास्तव में यह नजारा खादर क्षेत्र का नहीं बल्कि हकीकत में यह नजारा रामलीला टिल्ला का था। दिन निकला तो लोगों ने रामलीला टिल्ला पर बखेड़ा खड़ा कर दिया। अचानक ही इस बखेड़े के बीच मीरापुर विधायक मिथलेश पाल फंस गयी। दरअसल वह दक्ष प्रजापति शोभायात्रा के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करने जा रही थी। शोभा यात्रा का उद्घाटन करने से पहले आम जनता ने उन्हें रोका, वे अपनी गाड़ी से उतरी तो जनता ने शिकायतों की बौछार कर डाली और यह तक कहा कि इस बार यहां वोट मांगने के लिए नेता आकर दिखा दे, उन्हें नजारा उसी के उसी समय दिखा दिया जायेगा। उक्त मामले का हाथोंहाथ संज्ञान लेते हुए मिथलेश पाल ने चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप को फोन किया तो वे जनपद में मौजूद नहीं थी। इसलिए चेयरमैन ने आने में असमर्थता जताई।

लगभग पन्द्रह मिनट आमजन के बीच उनकी शिकायत सुनने के बाद वे शोभायात्रा में चली गयी। उसके बावजूद भी महिलाओं ने नेताओं को जमकर खरी-खोटी सुनाई और यह तक कह दिया कि चाहे समाजवादी का नेता हो या भाजपा का कोई कुछ करने को तैयार नहीं है। इस बार 2027 में हरेक पार्टी के नेता का नोटा दबाकर उसे आइना दिखाया जायेगा। इसके अलावा जब व्यापारियों का हाल जाना गया तो वास्तव में व्यापारियों का नुकसान देखकर दिल भर आया। शिवचौक के आसपास के इलाकों में भी नुकसान की ऐसी दुर्दशा दिखाई दी जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहीं तहसील मार्किट में जूता चप्पल तैरते दिखाई दिये, कहीं एसडी मार्किट के बाहर कपड़ा बाजार में सूट, साड़ी, दुपट्टों की दुर्दशा की तस्वीरें कैमरे में कैद की गयी। एसडी मार्किट के व्यापारियों ने मंदिर की ग्रिल पर सैकड़ों कपड़े सुखा रखे थे और पूरा दिन कपड़ों का पानी निचोड़ने में ही गुजर गया। वहीं स्टेशनरी की दुकानों में कॉपियों के पेज गल चुके थे, इलेक्ट्रॉनिक दुकानों के कई उपकरण पानी के कारण खराब हो गए। ऐसे ही दुर्दशा के नजारे गोल मार्किट, रुड़की रोड स्थित नावल्टी टॉकीज के अंदर बने मार्किट के दिखाई दिये, जहां बेसमेंट देखकर साफ दिख रहा था कि यह मार्किट नहीं बल्कि नाला है। इसके अलावा भी विभिन्न मार्किटों से जलभराव की शिकायत भरपूर आई।









## कोई इलाका ऐसा नहीं जहां न भरा हो चार से पांच फुट पानी

**मुजफ्फरनगर।** देर रात तक तो यही लगा था कि यह जलभराव सिर्फ साकेत कॉलोनी और आर्यपुरी तक ही सीमित है, देर रात में ही साकेत कॉलोनी और आर्यपुरी के पाठकों ने इसकी सूचना बुलेटिन को दी थी। मगर अन्य इलाकों से सुबह से सूचनाएं आनी शुरू हो गयी, जिसमें जनकपुरी, रामलीला टिल्ला, गांधी कॉलोनी, नई मण्डी, मल्हूपुरा, लद्दावाला आदि इलाकों में रहने वाले लोगों ने बताया कि इस बार हुई वर्षा से जलभराव ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। लोगों ने बताया कि शहर के अधिकांश इलाकों में तीन से पांच फुट तक पानी भर गया था और घरों के बाहर लोग वायपटर, बाल्टियां, नाली साफ करने के लिए डंडे, सरिये आदि लेकर खुद ही जलनिकासी में जुटे थे।

## नगर पालिका ने टुल्लू पम्पों के जरिए निकाला गया पानी

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका यूं ते कल रात से ही टूल्लू पम्पों द्वारा जलभराव वाले स्थानों से पानी निकालने का काम लगातार कर रही है, मगर इस समय यह काम बेमानी महसूस हो रहा है, क्योंकि जनता का कहना है कि इतनी ही मशक्कत करनी थी, तो बारिश का मौसम आने से तीन महीने पहले करके दिखाते। यदि पालिका का यह दावा है कि उन्होंने नालों की सफाई की थी तो फिर चार से पांच फुट तक कैसे जलभराव हो गया, जबकि आज की बारिश 121.6 एमएम की ही थी और इससे पहले 130 एमएम तक बारिश हो चुकी है।



हालांकि अभी किसी भी विभाग के पास जनता के सवालों के जवाब नहीं है, मगर यह सच है कि जनता 2027 का चुनाव आने तक नेताओं के सवालों का जवाब खुद दे देगी।


## ये हमारी सरकार नहीं दुश्मन है, इस बार वोट लेकर दिखा दें, लिख दो मेरा नाम...



इस नुकसान की भरपाई भी हमे ही करनी पड़ेगी, कोई नहीं आता बाद मे, ये हमारी सरकार है, ये दुश्मन सरकार है हमारी हम वोट नहीं देने के मै कह रहा हूं ये बात, मेरा नाम राजकुमार जैन है मै कह रहा हूं ये बात...**राजकुमार जैन, कपड़ा व्यापारी**



घर पहुंचे खाना खाने बैठे तो पता चला कि दुकान में पानी भर गया, रात को ही मौके पर पहुंचे तो देख दुकानों में पांच पांच फीट ऊंचा पानी भरा हुआ था। सब कुछ बेकार हो गया।
**हरबंस लाल अरोड़ा, कपड़ा व्यापारी**



जीएसटी देने के लिए व्यापारी, इलेक्शन हो तो व्यापारी सबसे पहले, व्यापारी हम तुम्हारे साथ है कौन है। अपने खर्चे से पानी निकालने के लिए एक जरनेटर लगवाया हुआ है। पालिका से कई बार नाले की सफाई के लिए बोला लेकिन नहीं करवाया। **-मनीष यादव**



एक घंटे में ही पूरी बेसमेंट में पानी भर गया था हम कुछ भी नहीं कर पाएं। यहां नेता भी आते है मंत्री भी आते है लेकिन हमें उनसे कुछ भी हासिल नहीं हुआ। एक बार कपिल देव अग्रवाल आएं, अधिकारी आएं पर कुछ हासिल नहीं हुआ। **अरशद, जूता व्यापारी**

## बाइक व कार की जोरदार भिड़ंत, बाइक सवार की मौत, महिला घायल

**चरथावल, 10 जुलाई (बु.)।** ग्राम चौकड़ा मार्ग पर ग्राम मुथरा के रास्ते के निकट बाइक व कार की जोरदार भिड़ंत हो गयी। इसमें बाइक सवार दम्पत्ति घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सक ने बाइक सवार को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से स्वजन में कोहराम



मच गया। बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार की दोहर करीब 1बजे चरथावल थाना-क्षेत्र के गांव कसौली निवासी राजकुमार 55वर्ष पत्नी कुसुम 58 वर्ष के साथ बाइक द्वारा चरथावल से चौकड़ा मार्ग से होते हुए गांव कसौली लौट रहा था। जैसे ही ग्राम मुथरा के रास्ते के निकट पहुंचे, तभी सामने से तेजगति से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दम्पत्ति सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची कस्बा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह ने घायलों को सीएचसी भिजवाया। चिकित्सक ने घायल राजकुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मौत की सूचना से स्वजन में शोक छा गया। कार को कब्जे व चालक को हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि इस मामले में पीड़ित की ओर से कोई तहरीर नहीं आई है।

## ट्रक ने मारी कांवड़ियों के ट्रैक्टर में टक्कर, पांच कांवड़िए घायल

**मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)।** बिलासपुर कट के निकट उस समय फिर एक बार बड़ा हादसा होते-होते बच गया एक अनियंत्रित ट्रक ने उस समय एक ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी जब गाजियाबाद जनपद के थाना भोजपुर के गांव हद्यपुर भडौला से हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए जा रहे थे। नगर के बिलासपुर कट के निकट ही उन्होंने अपनी ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी कर रखी थी, जिसमें कुल 15 कांवड़िए सवार थे तभी मेरठ की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने इसमें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अजय, कुलदीप, रजत, जयप्रकाश व मुस्लिम भोला फरदीन घायल हो गए। सूचना मिलते ही नई मंडी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया। हादसे से आक्रोशित कांवड़ियों ने हंगामा कर हाइवे पर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस ने हंगामा कर कांवड़ियों को समझा-बुझाकर शान्त किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। बताया जाता है कि ट्रक का ड्राईवर नशे की हालत में था।








## खण्डित हुई कांवड़ियों की कांवड़, तो आरोपी को कांवड़ियों के लात-घूसों से नहीं बचा पाई खाकी

**मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)।** जो शिवभक्त हरिद्वार से अपने कांधों पर सैकड़ों लीटर जल लेकर चलता है, यदि उसकी भावना से कोई खिलवाड़ करेगा, तो शिवभक्त को क्रोध आना तय है। लगातार कभी कांवड़ पर थूककर तो कभी कांवड़ में चल रही पुंगनूर गायों पर कटाक्ष करने की घटनाओं से लगातार विवाद पैदा हो रहे हैं और कांवड़िए कांवड़ खंडित हो जाने पर, कांवड़ खंडित करने वालों का माकूल इलाज भी कर रहे हैं। ऐसी ही एक घटना गुरूवार को शहर कोतवाली के ठीक सामने ही हुई, जब एक अनियंत्रित बाइक चालक अंधा होकर चल रहा था और उसने कांवड़ियों की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कांवड़ तो खंडित हुई ही, साथ ही शिवभक्त कांवड़िया भी जमीन पर जा गिरा। बस फिर क्या था, गाजियाबाद के शिवभक्तों ने खाकी के सामने ही अंधे होकर चल रहे उक्त बाइक चालक का माकूल इलाज किया। खाकी ने बाइक चालक को अपने हाथों में लेकर बचाने की खूब कोशिश की मगर कांवड़ियों ने खाकी के सामने ही बाइक चालक के पेट में लात-घूसे मारे, जिसके बाद कोतवाली के सामने ही कांवड़ियों ने जाम लगा दिया और लाठी-डंडे हाथों में ले लिये। जैसे-तैसे पुलिस बाइक चालक को बचाकर कोतवाली ले गयी। लगभग आधा घंटा तक जाम लगे रहने के बाद समझा-बुझाकर कांवड़ियों को गंगाजल मंगाकर उन्हें उनके गंतव्य की ओर रवाना किया गया। कोतवाली ले गए बाइक सवार को बाद में पुलिस ने सख्त हिदायत देकर छोड़ दिया और समझाया कि कांवड़ के दिनों में किसी की तपस्या भंग न हो, ऐसे में आंख खोलकर चलें।





**दर्द से परेशान - गठिया से सावधान**

क्या आपको कपड़े निचोड़ने में हाथों में दर्द होता है ? | क्या आपको आटा गूंथने में हाथों में दर्द होता है ?

यदि आपको डिब्बा खोलने/बन्द करने/ वाहन चलाने/लिखने/मोबाईल/कम्प्यूटर चलाने या दैनिक क्रियाकलाप करने में अंगुलियों, कलाइयों, कोहनी या कन्धों में दर्द होता है, तो आपको गठिया हो सकती है।

- हाथों एवं पैरों की अंगुलियों में दर्द एवं हाथों में झनकार
- एड़ी में दर्द
- घुटनों में दर्द
- कूल्हों में दर्द
- कमर में दर्द
- कंधों में दर्द
- कोहनी में दर्द
- सूजन
- सुन्नपन
- लालिमा
- अकड़न
- लगातार बुखार
- कमजोरी
- नित्यकर्म करने में परेशानी
- चलना-फिरना उठना-बैठना तक मुश्किल होना

तो यह गठिया के लक्षण हैं।

उचित परामर्श एवं इलाज के लिए संपर्क करें

मैक्स हॉस्पिटल दिल्ली से गठिया रोग विशेषज्ञ

**डॉ. आलोक कल्याणी**

MBBS, MD (Medicine)
AFIH Fellow
Sr. Consultant
Rheumatologist

रविवार, 13 जुलाई, 2025
सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

**हिन्द सुपर स्पेशियलिटी मेडीकेयर सेंटर**

मेन रोड नं.1, सदर बाजार, मुजफ्फरनगर | 7300535334

## एहतियात के चलते समय से पहले ही प्रशासन ने बंद कराए नॉनवेज ढाबे

**मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)।** कांवड़ यात्रा मार्ग पर होने वाले हंगामों व अनहोनी की तमाम आशंकाओं के बीच जनपद में नेशनल हाइवे से संपर्क मार्गों तक पुलिस-प्रशासन हर संभव विवादों को समाप्त किए जाने की दिशा में अग्रसर है। गुरूवार को इन्हीं तैयारियों के बीच जिला प्रशासन की ओर से मीनाक्षी चौक समेत कांवड़ मार्ग पर पड़ने वाली सभी मीट की दुकानों के साथ नोनवेज के होटलों व ढाबों पर ताले लग गए हैं। सुरक्षा कारण से प्रशासन द्वारा इस कदम से भविष्य में इस क्षेत्र में अनहोनी की आशंकाओं पर विराम लग गया।

श्रावण माह की शिवरात्रि पर देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर बढ़ते शिवभक्तों की सुविधा एवं अनहोनी की जारी संभावनाओं के बीच प्रशासन हर छोटी-छोटी समस्याओं के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। बीते दिनों जनपद में हुई घंटनाओं को देखते



हुए जहां पुलि प्रशासन ने ड्यूटी में सक्रियता बढ़ा दी है, वहीं कांवड़ मार्ग पर नोन वेज की ब्रिकी करने वाली दुकानों के साथ होटल व ढाबों को बंद करा दिया गया है। गुरूवार को इन्हीं व्यवसथाओं के बीच नगर के मीनाक्षी चौक के साथ रुड़की रोड, मदीना चौक, कच्ची सड़क कांवड़ मार्ग की तमाम नोन वेज की दुकानों को बंद कर दिया गया है।

## युवती की हत्या में आरोपी को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)।** 22 अप्रैल 2022 के एक मामले में एक तरफा प्रेम के विरोध में युवती की गोली मारकर हत्या के मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।
गुरूवार को डीजीसी राजीव शर्मा व एडीजीसी अरुण कुमार जावला ने जानकारी देते हुए बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के गांव बहुपुरा मजरा शुक्रतारी निवासी तेजपाल अपनी बेटी स्वीटी के साथ खेत पर काम करने के लिए जा रहा था। उसकी बेटी अपने पिता से आगे चल रही थी। अचानक पीछे आए अमित निवासी बहुपरा मजरा शुक्रतारी और उसकी बेटी को खेत में खींचकर ले जाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसकी बेटी के सिर में पिस्टल से गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। पिता ने आरोप लगाते हुए थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी आरोपी उसकी बेटी से संबंध बनाना चाहता था। विरोध जताने पर आरोपी ने उसकी गोली मारकर हत्या



कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गयी थी। एडीजीसी ने बताया कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट नम्बर नेहा गर्ग की कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपी पर 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है।

# बारिश में गिरा मजदूर का आशियाना, मदद की लगाई गुहार

भोपा, 10 जुलाई (बु.)। क्षेत्र में बीते बुधवार को तेज बारिश के चलते भोपा निवासी गरीब के मकान की छत ढह गई, जिसके चलते उसका सामान मलबे में दब गया, वहीं गृहस्वामी भी चोटिल हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक मदद की मांग की है।

भोपा के विद्युत-उपकेंद्र के पास रहने वाला सुनील मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पाल रहा है। तंगहाली के चलते उसने परिवार के लिए सीमेंट आदि की चादर की छत डाल रखी है। बीते बुधवार को आई तेज बारिश के बाद गुरूवार सुबह के समय वह घर के चूल्हे के पास खाना खा रहा था। पत्नी मिथलेश उसके लिए खाना बना रही थी, वहीं तीनों बच्चे यश, वंश और वर्षा पास ही में खेल रहे थे। तभी उसके मकान की छत अचानक भरभराकर गिर पड़ी, जिससे वह मलबे की चपेट में आ गया और चोटिल हो गया, वहीं पत्नी और तीनों बच्चे मलबे की चपेट में आने से बाल-बाल बच गए। अचानक छत गिर जाने के कारण घर का सामान भी मलबे में दब गया। शोर सुनकर आए ग्रामीणों और परिजनों ने किसी तरह सुनील को मलबे से बाहर निकाला और प्रथमिक उपचार कराया। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तरुण कुमार व भाजपा के मंडल महामंत्री कुणाल वालिया ने घटना की जानकारी की है। ग्रामीणों ने भारी बारिश के कारण छत गिर जाने से हुई क्षति के लिए मुआवजे की मांग की है।



## बुधवार रात मुजफ्फरनगर में आयी तेज बरसात के कारण व्यापारियों के हुए नुकसान के बाद अपना-अपना सामान एकत्र करते व दुकानों में साफ-सफाई कराते दुकानदार










# प्रबुद्ध जन मंच एवं रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन द्वारा एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी में आयोजित हुआ

मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बुस.)। प्रबुद्ध जन मंच एवं रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिडटाउन द्वारा एक पेड़ मां के नाम, कार्यक्रम न्यू मैक्स सिटी मेरठ रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें अनेक गणमान्य लोगों के साथ दोनों संस्थाओं के सदस्यों ने 100 से अधिक पौधे लगाए। सभी सदस्यों ने अपनी मां को समर्पित करते हुए पौधा लगाया और यादगार के लिए इस पर अपनी मां के नाम की प्लेट लगाई। प्रबुद्ध जनमंच के अध्यक्ष निशांक जैन ने कहा कि हम पिछले कई साल से पौधे लगाते आ रहे हैं, लेकिन यहां लगाने का लाभ यह है कि रोटेरियन सुनील गोयल एमडी न्यूमैक्स सिटी ने आश्वस्त किया है कि वह इन सभी पौधों की देखभाल आजीवन करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने भी प्रबुद्ध जनमंच के संरक्षक डॉ. पंकज जैन के साथ अपनी माता जी की स्मृति में पौधा लगाया। डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ चेयरमैन श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज ने अपनी दिवंगत पत्नी की स्मृति में पौधा लगाया। अति विशिष्ट अतिथि जॉइंट कमिश्नर जीएसटी सिद्धेश चंद्र दीक्षित एवं एडिशनल कमिश्नर ग्रेट-2 अरुण कुमार सिंह रहे। उन्होंने भी अपनी माता जी को समर्पित पौधा लगाया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. पंकज जैन ,पंकज कुमार जैन गांधी टेंट, एडवोकेट तुषार गुप्ता, अतुल अग्रवाल, रीना जैन एवं रीना अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बड़ा योगदान दिया। प्रबुद्ध जन मंच के वरिष्ठ सदस्य पंकज कुमार जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम से सभी सदस्यों को यह पुनीत कार्य करने का अवसर मिला एवं इससे अनेक लोगों को प्रेरणा मिलेगी। अपने संबोधन में मंत्री कपिल देव ने कहा यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने यह बहुत ही अच्छा अभियान शुरू किया। तेजी से बढ़ती हुई आबादी और कम होती हरियाली चिंता का विषय है। सभी को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ कर इस पुनीत कार्य में भाग लेना चाहिए। अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि मेरी माता जी और मेरे मेरी सास दोनों ही इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके नाम की प्लेट लगाते हुए यह पौधा लगाना मेरे लिए बेहद भावुक क्षण है। रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर मिड टाउन के अध्यक्ष सुशोभ बिंदल, सचिव रोटेरियन गौरव गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल, प्रबुद्ध जन मंच के सचिव पवन कुमार गोयल, एवं कोषाध्यक्ष विनय सिंघल के अथक परिश्रम से यह कार्यक्रम सफल हुआ। इस कार्यक्रम में डॉ. हरेंद्र कुमार जैन, भुवनेश गुप्ता, शशांक जैन, नीरज जैन, मनीष जैन, गौतम गन्धर जैन, उमेश गोयल, राजीव गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रमोद शर्मा, संजय अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, कुलदीप भारद्वाज, अभय गुप्ता,चारू गुप्ता, नेहा गोयल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।





# अंबर फैशन और लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी ने शहरवासियों का दिल जीत लिया

मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बुस.)। भोपा रोड स्थित पलासा होटल एंड रिसॉर्ट में तीज के अवसर पर आयोजित अंबर फैशन और लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी ने शहरवासियों का दिल जीत लिया। इस एक दिवसीय भव्य कार्यक्रम में प्रतिभाशाली महिला उद्यमियों ने अपने उत्कृष्ट ब्रांड और उत्पादों का शानदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में आभूषण, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, फैशन, परफ्यूम, हस्तशिल्प और घरेलू सजावट से जुड़े स्टॉल लगाए गए थे। अविका द्वारा ज्वेलरी, निधि की एडॉर्न ज्वेल्स, तृप्ति फूड्स के अचार-मुरब्बे, पैम्पर एंड पीस के परफ्यूम्स, टू ड्रॉप के सौंदर्य उत्पाद, क्रिडे ज्वेल्स आर्ट की एक्सक्लूसिव डिजाइंस, अमौरा के मोती और बिलक्यूज, ईशाका, काला अवध, डायना वार्डरोब जैसे ब्रांडों ने फैशन के लेटेस्ट ट्रेंड्स को बखूबी पेश किया। प्रदर्शनी में आए मेहमानों ने बताया कि इतनी विविधता और क्वालिटी एक ही छत के नीचे पाकर वे बेहद प्रभावित हुए। कई लोगों ने कहा कि यह आयोजन उन्हें किसी महानगर के फाइव स्टार शॉपिंग एक्सपीरियंस जैसा महसूस हुआ। गर्मी के मौसम में बिना कई दुकानों के चक्कर लगाए खरीदारी करने की यह सुविधा लोगों को खूब भाई। आयोजन के दौरान मेहमानों को स्वादिष्ट व्यंजन, आकर्षक उपहार और सरप्राइज लकी ड्रा का भी आनंद मिला, जिससे कार्यक्रम और भी खास बन गया।








प्रदर्शनी में भाग लेने वाली महिला उद्यमियों ने बताया कि यह मंच उनके लिए अपने ब्रांड और हुनर को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का शानदार अवसर रहा। आयोजकों ने बताया कि अंबर का मकसद स्थानीय प्रतिभाओं को एकसाथ लाकर उन्हें पहचान दिलाना और शहर में एक प्रीमियम शॉपिंग कल्चर को बढ़ावा देना है।

# 108 नहीं 1008 रुद्राक्षों की माला वेदपाठी भवन में की गयी भेंट




मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर अपने गुरू को कुछ ना कुछ भेंट करने के उद्देश्य से ज्योतिषाचार्य संजय सक्सेना द्वारा आज एक अनोखी माला अपने पूज्य गुरू श्री नारायण स्वामी जी को अर्पित की गयी। श्री सक्सेना ने बताया कि उक्त माला वर्षों पुरानी माला है, जिसको प्रत्येक गुरूपूर्णिमा के अवसर पर गुरूदेव को पुनः अर्पित की जाती है। बड़ी बात यह रही कि उक्त माला के अन्दर जो रूद्राक्ष हैं, वो भगवान शिव के प्रिय काठमांडू के रूद्राक्ष हैं, जो अपने आप में बड़े अनमोल हैं। आपको बता दें कि रूद्राक्ष को हिन्दू धर्म में एक शक्तिशाली मनका माना जाता है और इन मनको में भगवान शिव की शक्ति समाहित होती है। पुराणों के अनुसार भगवान शिव के अश्रुओं से एक-एक रूद्राक्ष उत्पन्न हुआ है और उक्त रूद्राक्ष संसार के कल्याण के लिए है। भगवान शिव के भक्त अपने-अपने ग्रह दशाओं के अनुसार कभी तीन मुखी, कभी चार मुखी, कभी सात मुखी तो कभी एक मुखी रूद्राक्ष पहनते हैं। ऐसे में आज वेदपाठी भवन में जब भक्तों ने एक हजार आठ मनको की माला देखी तो मंत्रमुग्ध हो गये। लगभग चार मीटर लम्बी यह माला अपने आपमें आर्कषण और शक्ति का केन्द्र दिखाई पड़ रही थी। चूंकि ऐसी माला आमतौर पर देखने को नहीं मिलती। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर पंचमुखी महादेव मंदिर के पास वेदपाठी भवन में गुरु पूजा परंपरागत तरीके से मनाई गई इसमें प्रातः काल श्री श्री 1008 श्री नारायण स्वामी जी एवं श्री आचार्य श्री सीताराम चतुवेर्दी जी एवं श्री रतन गुरु जी की पूजा अर्चना की गई। गुरु पूजा के बाद यज्ञ का आयोजन किया गया और उसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो लोग उपस्थित हुए। पूजा एवं भंडारे में दूर दराज से आए सैकड़ों भक्त शामिल हुए, जिसमें सभासद पति संजय सक्सेना, पुष्पेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, मुन्नू चचा, सुनील बंटी, नरेन्द्र बोस, अलका जैन, अभिषेक अग्रवाल, मुनीश कुमार, प्रदीप शर्मा, संजय सक्सेना,अंकित, संजीव रोहल, दीपू भैया, टीनू, कैलाश, बनारस, पंकज महेश्वरी, सचिन अग्रवाल पटाखे वाले, विपिन त्यागी, पूजा में मुख्य यजमान पुष्पेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल एवं मुन्नू चाचा पत्नी सहित शामिल हुए।

# मृतक गौवंश को गड्ढ़े में दबवाने गये युवक पर हमला, मुकदमा दर्ज



चरथावल, 10 जुलाई (बु.)। मृतक गौवंश को गडढ़े में दबवाने गये युवक पर कुछ लोगों ने जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर घायल कर दिया। भाई को बचाने गये युवक को भी जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। पीड़ित के भाई ने ग्यारह लोगों को नामजद करते हुए करीब 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम रोनी हरजीपुर निवासी उपेंद्र ने दर्ज कराये मुकदमे में बताया कि गुरुवार की देर सुबह वाट्सअप पर मैसेज देखकर उसका भाई अजय कुमार उर्फ सेठी मृतक गौवंश को गडढे में दबवाने के लिए नहर के निकट गया था। आरोप है कि वहां पहले से ही गांव निवासी राहुल, अजय, विकास, सुधीर, रविंद्र, शिवम, मोहित, विक्रांत, रिंकल व थाना बुढ़ाना के गांव कुरथल निवासी सागर व आशीष एवं 20 अज्ञात लोग हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लिए खड़े थे। आरोप है कि इन्होंने अजय कुमार पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में अजय बुरी तरह घायल हो गया। भाई को बचाने गये युवक को भी जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित हथिया लहराते हुए भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी भिजवाया। थाना प्रभारी जसवीर सिंह ने बताया कि पीड़ित के भाई की तहरीर पर आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच की जा रही है।

# शाहपुर क्षेत्र के सरकारी विद्यालय का वीडियो वायरल

- चांदपुर स्कूल में सुबह 8:30 बजे भी मुख्य द्वार पर ताला बंद मिला
- छोटे-छोटे दर्जनों स्कूली बच्चे विद्यालय के बाहर सड़क पर खड़े रहे
- सूचना पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा

शाहपुर, 10 जुलाई (बु.)। क्षेत्र के गांव चांदपुर के प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें प्रातः काल विद्यालय खुलने के समय विद्यालय का मुख्य द्वार बंद होने के कारण छात्र-छात्राएं विद्यालय के बाहर खड़े है। क्षेत्र के गांव चांदपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें प्रातः काल विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राएं विद्यालय का मुख्य द्वार बंद होने के कारण विद्यालय के बाहर खड़े हैं। यह विद्यालय शाहपुर मंसूरपुर मार्ग पर स्थित है। इस मार्ग से हल्के व भारी वाहन गुजरते हैं। वायरल वीडियो में कुछ बच्चे सड़क के किनारे भी खड़े हैं। वायरल वीडियो में साफ सुनाई दे रहा है कि सवा आठ बज गए हैं, बावजूद इसके कोई भी अध्यापक विद्यालय नहीं पहुंचा है तथा विद्यालय का समय प्रातः आठ बजे का है। वायरल वीडियो के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी संजय भारती ने बताया कि वीडियो वायरल होने के बाद वह विद्यालय गए थे तथा विद्यालय का निरीक्षण किया, जिसमें विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र अवकाश पर थे। इसके अलावा अन्य अध्यापक विद्यालय में मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि प्रातः काल विद्यालय समय से खुलने के लिए प्रधानाध्यापक से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रधानाध्यापक के स्पष्टीकरण देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।




# अफसरों ने कांवड़ यात्रा मार्ग का किया निरीक्षण

मुजफ्फरनगर, 10 जुलाई (बु.)। जनपद की सीमाओं से कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने के साथ कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की खातिर गुरूवार को नगर मजिस्ट्रेट, सीओ सदर व पालिका ईओ द्वारा कांवड़ मार्ग के साथ कांवड़ सेवा शिविरों का निरीक्षण करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कांवड़ मार्ग में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किए जाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाने की जरुरत पर बल दिया। उत्तर भारत की ऐतिहासिक धार्मिक यात्राओं में शुमार कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने तथा कानून व शांति व्यवस्था के साथ कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए कांवड़ मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, सीओ सदर राजू कुमार साव व ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह ने कच्ची सड़क, मदीना चौक व बझेड़ी अंडरपास पुल एवं रामपुर तिराहे तक विभिन्न स्थानों पर कांवड़ मार्ग व कांवड़ शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निरीक्षण करते हुए कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के साथ सीसीटीवी कैमरों और साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन प्वाइंट के साथ वाहन पार्किंग हेतु चिन्हित स्थानों, बैरिकेडिंग व्यवस्था, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, समुचित पथ प्रकाश की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को इस बीच कांवड़ मार्ग पर पायी गयी कमियों और अन्य समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। इस बीच पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र, मेरठ रोड स्थित शारदेन स्कूल, कक्षा-9 का छात्र है। विद्यालय रिकार्ड में मेरा नाम नवीन त्यागी (Naveen Tyagi) चला आ रहा है, जो गलत है। वास्तव में मेरा नाम नवीन कुमार (Naveen Kumar) है और भविष्य में भी मुझे इसी नाम से जाना जायेगा।

नवीन कुमार
ब्लॉक नम्बर-13/8, नारा,
मुजफ्फरनगर, मो.8006704880

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 4377, दिनांक 19/04/2012 में गलती से नाम गुन्जन गर्ग अंकित कराया गया था, जबकि उसका वास्तविक नाम शिवी गर्ग ( SHIVI GARG) है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम संशोधन हेतु शपथ-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

निवेदक- नीरज कुमार गर्ग
67, बंजारान, मुजफ्फरनगर
M.: 6398038638

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बेटे के शैक्षिक प्रमाण- पत्रों में मेरा नाम त्रुटिवश वाचस्पति भारद्वाज (VACHASPATI BHARDWAJ) लिखा गया है। जबकि, मेरा सही नाम वाचस्पति शर्मा (VACHASPATI SHARMA) है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

वाचस्पति शर्मा S/O सुरेश चन्द
मकान नं. 60/646, अवध विहार,
मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश, 251001
मो. 9816017204

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र (MAULIK PANWAR ) के पासपोर्ट नम्बर J3740625 में मेरा नाम PARVINDER KUMAR PANWAR दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम PARVINDER KUMAR है।

Parvinder Kumar S/o Gandhi Singh
Vill+ Post- Miragpur,
Distt. Saharanpur (247554)
M. 9760094454



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

